कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निरीक्षण के दौरान ईवीएम मशीनों की सुरक्षा, गोपनीयता और संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मशीनें निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित रखी गई हैं।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम वेयरहाउस का प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण किया जाता है, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और आमजन का विश्वास मजबूत हो।

# आई क्रस्ट स्टोर के मालिक आशुतोष अग्रवाल के घर ईडी का छापा



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बरेली के बिजनेसमैन आशुतोष अग्रवाल के घर छापा मारा है। मंगवार को ईडी की टीम मारवाड़ीगंज स्थित आशुतोष अग्रवाल के घर पहुंची और यहां जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने घर के दरवाजे बंद कर लिए और सभी सदस्यों के मोबाइल फोन, फिलहाल के लिए अपने कब्जे में ले लिए। ब्राडबैंड और लैंडलाइन कनेक्शन भी काट दिया। आशुतोष अग्रवाल, सिविल लाइंस स्थित आई क्रस्ट स्टोर के मालिक हैं। कई जगहों पर छापेमारी प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मंगलवार को यूपी, दिल्ली और पंजाब में कम से कम छह ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें दिल्ली-नोएडा, लुधिया, जालंधर और बरेली शामिल हैं। कंपनी यहां कारोबियों की कंपनियों का वित्तीय लेनदेन जांच रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एक टीम बरेली पहुंची और यहां आशुतोष अग्रवाल के ठिकानों पर जांच शुरू की। सुबह से ईडी की टीम जांच में जुटी है और किसी भी व्यक्ति को घर के अंदर-बाहर आने-जाने की अनुमति नहीं है। हालांकि, ईडी की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे प्रकरण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल ईडी की कार्रवाई जारी है और संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन: अभ्यर्थियों के सैलाब से सड़कें जाम, परीक्षा छूटते ही उमड़ी भीड़

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को जिले के 19 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न हुई। सुबह से ही केंद्रों पर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें नजर आईं। त्रिस्तरीय जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों का हुजूम उमड़ पड़ा, जिससे कई इलाकों में जाम की स्थिति बन गई। प्रशासन और पुलिस अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन कराने के लिए सभी केंद्रों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पहले दिन 17,472 अभ्यर्थियों में से 13,263 ने परीक्षा दी, जबकि 4,209 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर सेल की बड़ी सफलता: 5.46 लाख रुपये की ठगी राशि पीड़ित को लौटाई



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शिवपुरी साइबर सेल को बड़ी सफलता मिली है। साइबर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति के बैंक खाते से निकाली गई 5 लाख 46 हजार 316 रुपये की पूरी राशि पुलिस की सक्रिय कार्रवाई के बाद वापस कराई गई।

जानकारी के अनुसार पोहरी निवासी प्रवीण वर्मा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात साइबर ठगों ने उनके बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाते से 5.46 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के मार्गदर्शन में साइबर सेल ने जांच शुरू की।जांच में पता चला कि ठगी की राशि विभिन्न बैंकों के खातों में ट्रांसफर की गई थी। साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह जाट एवं उनकी टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित खातों में राशि होल्ड कराई। बाद में न्यायालयीन आदेश एवं संबंधित बैंकों के समन्वय से पूरी 5 लाख 46 हजार 316 रुपये की राशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई। राशि वापस मिलने पर फरियादी प्रवीण वर्मा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस एवं साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध से बचाव के लिए पुलिस की सलाह- पुलिस ने नागरिकों से आधार बायोमेट्रिक लॉक करने, फर्जी लोन एप डाउनलोड न करने, क्क्य फाइल न खोलने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, निजी जानकारी और ओटीपी साझा न करने की अपील की है।

साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा शिवपुरी साइबर सेल के हेल्पलाइन नंबर 7049123706 और 7049123288 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### सिलेंडर से आग लगे तो कैसे बचाएं? नागरिक सुरक्षा ने दी अग्नि सुरक्षा की सीख



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली, । मुख्यमंत्री के निर्देशों एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को प्रभाग-अलखनाथ के अशोका गार्डन, थाना प्रेमनगर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एलपीजी सिलेंडर से जुड़ी सुरक्षा, आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय और सीपीआर (कृत्रिम श्वसन) की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उप नियंत्रक राकेश कुमार मिश्र एवं सहायक उप नियंत्रक प्रमोद कुमार डागर ने दिया। उन्होंने सिलेंडर में आग लगने पर उसे नियंत्रित करने के तरीकों के साथ आपात स्थिति में जीवन बचाने के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डिवीजनल वार्डन अजय अग्रवाल, डिप्टी डिवीजनल वार्डन हरीश, सेक्टर वार्डन शंकर लाल शर्मा सहित नागरिक सुरक्षा के अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# चोरी की घटना को अंजाम देने वालों को मुगलपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / सिकंदर राजा / थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 68/26 धारा 306/317(2)/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी की घटना का अनावरण कर अभियुक्तों को मय माल के किया गिरफ्तार वादी मुकदमा श्री अब्दुल अजीज पुत्र मौ0 असद जमाल निवासी जकरीया हाउस पीरगैब थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद के द्वारा उसके घर से सोने व डायमण्ड के आभूषण चोरी के सम्बन्ध में घर की केयर टेकर 1. (काल्पनिक नाम) कु0 रेहाना पुत्री मौ0 साबिर 2. बाईस्तवा अभियुक्ता श्रीमती अंजरी खातून उर्फ फातिमा पत्नि मौ0 साबिर निवासीगण घर सरवेला पोस्ट सरवेला, वार्ड 09 सरवेला पोस्ट आफिस, सीमरी बख्तीयार पुर, सिमरी बख्त्यारपुर, सहरसा (बिहार) के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0-068/2026 धारा 306 बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री मयंक शर्मा के द्वारा सम्पादित की गयी। मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, मुरादाबाद के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार, श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के मार्ग निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर महोदय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री के0के0 राणा के नेतृत्व में टीम तैयार कर विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए साक्ष्य संकलन किया गया। साक्ष्य संकलन से मुकदमा उपरोक्त में (काल्पनिक नाम) कु0 रेहाना पुत्री मौ0 साबिर व श्रीमती अंजरी खातून उर्फ फातिमा पत्नी मौ0 साबिर उपरोक्त की घटना में पूर्ण संलिप्तता पायी गयी तथा तीसरे अभि0 मौ0 साबिर पुत्र मौहसीन निवासीगण ग्राम सरबेला पोस्ट सिमरी बख्तीयारपुर थाना बनमा इटहरी




जिला सहरसा बिहार की भी संलिप्तता पाये जाने पर नाम प्रकाश में आया व कु0 रेहाना (काल्पनिक नाम) की आयु 14 वर्ष नाबालिग होना पायी गयी। तथा अभियुक्तगण की गिफ्तारी व माल बरामदगी हेतु चलाये गये संघन चैकिंग अभियान के दौरान दिनांक 07.06.2026 को अभियुक्तगण 1. (काल्पनिक नाम) कु0 रेहाना पुत्री साबिर (नाबालिग), 2. अंजरी खातून उर्फ फातिमा पत्नी साबिर, 3. साबिर पुत्र मौहसीन निवासीगण ग्राम सरबेला पोस्ट सिमरी बख्तीयार पुर थाना बनमा इटहरी जिला सहरसा बिहार को मय चोरी गये माल के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/3 (5) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता 1. कु0 रेहाना (काल्पनिक नाम) पुत्री साबिर (नाबालिग) नि0 ग्राम सरबेला पोस्ट सिमरी बख्तीयार पुर थाना बनमा इटहरी जिला सहरसा बिहार उम्र 14 वर्ष 2. अंजरी खातून उर्फ फातिमा पत्नी साबिर निवासी ग्राम सरबेला पोस्ट सिमरी बख्तीयार पुर थाना बनमा इटहरी जिला सहरसा बिहार उम्र 45 वर्ष 3. साबिर पुत्र मौहसीन निवासी ग्राम सरबेला पोस्ट सिमरी बख्तीयार पुर थाना बनमा इटहरी जिला सहरसा बिहार उम्र 51 वर्ष बरामदगी 01 गोलाकार पीली धातु का टुकडा वजन 86 ग्राम (चोरी हुए आभूषणों को गलाकर बनाया गया) बरामद 01 कान का पीली धातु का एक टाप्स 01 पीली धातु का चैन सैट लाकेट सहित अपराध करने का तरीका अभि0 साबिर उपरोक्त की दो पत्नियां है जिनमें से एक का नाम अंजरी खातून उर्फ फातिमा व दूसरी का नाम श्रीमती नूर जहां है। अभियुक्त साबिर उपरोक्त के कुल 11 बच्चे है जिनमें से 5 नाबालिग बच्चे है जिनको वह अलग अलग लोगो के यहां केयर टेकर आदि के रूप में काम पर लगाता है तथा उनके माध्यम से घरो से आभूषण, नकदी व किमती सामान चोरी कराता है। इसी क्रम में अभि0 साबिर उपरोक्त के द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री कु0 रेहाना (काल्पनिक नाम) को वादी मुकदमा श्री अब्दुल अजीज उपरोक्त के घर में उनकी माता की देखभाल हेतु रखवाया था और उससे चोरी कराकर स्वयं व अपनी पत्नी अंजरी खातून उर्फ फातिमा उपरोक्त के साथ चोरी के माल को इधर उधर बेच देते है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण- 1. उ0नि0 मयंक शर्मा 2. म0उ0नि0 रानी सिंह 3. म0हे0का0 997 अमरिता 4.हे0का0749 अमित कुमार 5. का0 1347 वीरेन्द्र कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस

# मिठाई की दुकान में भड़की आग, लाखों रुपये का नुकसान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सीबीगंज में आईटीआर मार्केट स्थित मिठाई की दुकान में मंगलवार सुबह शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। इससे आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई। पीड़ित के मुताबिक आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।



सीबीगंज थाने के ठीक बराबर में आईटीआर कालोनी गेट पर आईटीआर मार्केट में गौरव अग्रवाल की नारायण स्वीट्स एवं कंफेक्शनरी नाम से दुकान है। गौरव अग्रवाल ने बताया कि वह रोजाना की तरह सोमवार रात अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह करीब सवा छह बजे उधर से निकले लोगों ने दुकान से धुआं व आग की लपटें निकलती देखी। सूचना पर वह मौके पर पहुंचे। थाने से पुलिसकर्मी भी पहुंच गए। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने दुकान का शटर तोड़कर आग बुझाई। घटना से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस घटना में लाखों रुपयों का माल जलकर राख हो गया है। आग कैसे लगी इसमें अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। फिलहाल प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट वजह बताई गई है।

रात में इंद्रा मार्केट में कपड़े की दुकान में लगी थी आग-शहर के इंद्रा मार्केट में रेडीमेड कपड़े की दुकान में सोमवार रात आग भड़क गई। दमकल टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। एफएसओ संजीव कुमार ने बताया कि रात दस बजे करीब मार्केट बंद होने के बाद इस दुकान में आग लग गई। इसकी सूचना स्थानीय दुकानदारों ने फायर ब्रिगेड को दी।

मौके से टीम पहुंची और थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया। दुकान में रेडीमेड कपड़े भरे थे जो जलकर नष्ट हो गए। दुकान में आग लगने की वजह अभी पता नहीं चल सकी है। हालांकि शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा लग रहा है। दुकान आजमनगर निवासी शोएब की बताई जा रही है।

# झाड़ी वाले बाबा के विशाल भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब






क्यूँ न लिखूँ सच / मुरादाबाद- डिलारी/ जनपद मुरादाबाद के थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुर मुस्ताबाद मौजा में मंगलवार को झाड़ी वाले बाबा के धाम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और बाबा के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालु क्षेत्र के गांव चांदपुर, सुल्तानपुर खादर, चावड़, गोपालपुर, बहादुरपुर खादर, वीरूवाला, तिगरी,आलियाबाद, करनपुर, नयागांव, कासमपुर, आदि गांव के श्रद्धालु बाबा के आश्रम पहुंचे।

श्रद्धालुओं ने बताया कि झाड़ी वाले बाबा का यह धाम प्राचीन समय से आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। दूर-दराज क्षेत्रों से भक्त हर वर्ष अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां पहुंचते हैं और बाबा के दर्शन कर भंडारे में शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थना बाबा के आशीर्वाद से पूर्ण होती है।भंडारे के आयोजन से पूर्व तीन दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रामायण पाठ और भक्ति-कीर्तन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ था, जिसका समापन मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। पूरे आश्रम परिसर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। इस दौरान सेवा समिति के पदाधिकारियों ने आश्रम तक पहुंचने वाले मार्ग की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि झाड़ी वाले बाबा के आश्रम तक लगभग चार किलोमीटर लंबा कच्चा रास्ता है, जिस पर आवागमन के दौरान श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात और खराब मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे कई श्रद्धालु चोटिल भी हो जाते हैं।सेवा समिति ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए आश्रम तक पक्के मार्ग का निर्माण कराया जाए, ताकि आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो और क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके।भंडारे के सफल आयोजन में सेवा समिति के सदस्यों, ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन बाबा के जयकारों और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान रविंद्र पाल सिंह ग्राम प्रधान चंद्रपुरा, छोटे सिंह सैनी, भगवान दास सिंह पाल, करन सिंह पाल, मास्टर लाल सिंह चौहान,नोबाहर सिंह चौहान, सुखबीर सिंह आचार्य, सुखराम सिंह कश्यप, धर्मपाल सिंह सैनी, गिरीश कुमार दिवाकर, चुन्नू सिंह सागर, राम रतन सिंह सैनी, राजेंद्र सिंह चौहान, आदि सम्मानित भक्तगण मौजूद रहे।

# मुरादाबाद: साहब! उसने शादी नहीं की... जहर खाकर थाने पहुंची लिव-इन पार्टनर की मौत, FCI इंस्पेक्टर गिरफ्तार

मुरादाबाद में शादी से इनकार पर एक युवती ने जहर खाकर जान दे दी। वह पांच साल से एफसीआई के चीफ मार्केटिंग इंस्पेक्टर प्रभात सक्सेना के साथ लिव-इन में रह रही थी। युवती ने जहर खाने के बाद मझोला थाने पहुंचकर पुलिस को बताया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। आरोपी प्रभात सक्सेना को हिरासत में ले लिया गया है ।परिवार हिमगिरी कालोनी में रहता, युवती के साथ नया मुरादाबाद में लिव-इन में था आरोपितभारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) के चीफ मार्केटिंग इंस्पेक्टर प्रभात सक्सेना के साथ पांच साल से लिव-इन में रह रही पाकबड़ा की युवती ने शादी के इन्कार के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाकर युवती मझोला थाने पहुंची और बोली साहब उसने मुझसे शादी नहीं की मैंने जहर खा लिया। पुलिस ने युवती को दिल्ली रोड स्थित साईं अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। आरोपित दो बच्चों का पिता और युवती से उम्र में करीब 20 वर्ष बड़ा है।

पुलिस ने युवती के पिता के शिकायती पत्र पर आरोपित प्रभात सक्सेना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कर हिरासत में ले लिया है। दो दिन पहले भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। सिविल लाइंस क्षेत्र के हिमगिरी निवासी प्रभात सक्सेना की वर्तमान तैनाती मेरठ में है। करीब सात साल पहले इसकी मुलाकात पाकबड़ा के एक मुहल्ला निवासी युवती से हुई। युवती बीए पास है।इसने वर्ष 2020 में शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया था। मामला पुलिस तक पहुंचा था। उसके बाद आरोपित ने युवती को अपने पास बुला लिया और नया मुरादाबाद में एक कमरा किराये पर लेकर लिव-इन में रहने लगा। इसकी जानकारी प्रभात के परिवार को भी हो गई थी, लेकिन इसके बाद भी दोनों लिव-इन में रह रहे थे।कुछ दिनों से युवती प्रभात पर शादी करने का दबाव बना रही थी। इसी के चलते दोनों के बीच विवाद होने लगा। शनिवार को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद युवती थाने पहुंच गई थी। पुलिस ने आरोपित को भी थाने बुलाया और दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। सोमवार को आरोपित ने युवती से शादी करने की बात कही थी, लेकिन जब शादी नहीं की तो करीब तीन बजे युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया।जहर खाकर युवती सीधे मझोला थाने पहुंची और पुलिस से बोली उसने मुझसे शादी नहीं की। इसलिए मैंने जहर खा लिया। यह सुनकर पुलिस तुरंत दिल्ली रोड स्थित साईं अस्पताल लेकर पहुंची। जहां उपचार के दौरान रात करीब नौ बजे उसकी मौत हो गई। जानकारी पर युवती के स्वजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।स्वजन ने तोड़ दिया था नाता, युवती ने मुकदमा लिया था वापसवर्ष 2020 में युवती ने प्रभात सक्सेना पर पाकबड़ा थाने में दुष्कर्म की धाराओं में प्राथमिकी लिखाई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपित ने युवती से शादी करने की बात कहते हुए समझौता कर लिया था।

इसके बाद युवती ने अपने बयान बदल दिए थे और प्राथमिकी में एफआर लग गई थी। तभी से आरोपित युवती के साथ लिव-इन में रह रहा था। युवती के स्वजन उसे समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह इसी के साथ शादी करने के लिए अड़ी हुई थी। इसी के चलते परिवार ने भी युवती से नाता तोड़ दिया था।युवती मार्केटिंग इंस्पेक्टर के साथ लिव-इन में थी। जब वह थाने पहुंची तो उसने खुद बताया कि मैंने जहरीला पदार्थ खा लिया है। पुलिस ने युवती को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। - कुमार रणविजय सिंह, एसपी सिटी

## संक्षिप्त समाचार

### आंवला पुलिस ने ट्रॉली चोरी का किया खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना आंवला पुलिस ने ट्रॉली चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई ट्रॉली व घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम दरावनगर निवासी हरिप्रकाश पाठक ने 09 जून को अपनी ट्रॉली चोरी होने की सूचना दी थी, जिस पर थाना आंवला में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम को खुलासे के लिए लगाया गया था।



पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मनौना-बिसौली रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान चोरी की ट्रॉली को ट्रैक्टर से ले जा रहे दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनमोल दीक्षित (21 वर्ष ) निवासी लालूपुर थाना सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगंज और सचिन यादव (22 वर्ष ) निवासी दरावनगर थाना आंवला जनपद बरेली के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सचिन यादव ने कम कीमत में ट्रॉली दिलाने का लालच देकर अनमोल को साथ लिया और योजना बनाकर 4 जून की रात ट्रॉली चोरी कर ली थी। बाद में बेचने के उद्देश्य से ले जाते समय पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार सहित थाना आंवला पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

### नसबंदी के दावे फेल : शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बेलगाम

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। स्मार्ट सिटी की गलियों में आवारा कुत्तों के झुंड लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आए दिन कुत्तों के हमले से लोग घायल हो रहे हैं, बच्चों और बुजुर्गों तक को निशाना बनाया जा रहा है। नगर निगम ने कुत्ता नियंत्रण अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च किए और 11,864 कुत्तों की नसबंदी का दावा भी किया, लेकिन जमीन पर हालात जस के तस हैं। शहर के कई इलाकों में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कुत्ता नियंत्रण के लिए काम कर रही संस्था की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। जिला अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में लोग एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। हाल ही में कर्मचारी नगर में बुजुर्ग महिला और सीबीगंज में बच्ची पर हुए हमले ने निगम की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर निगम का पशु चिकित्सा विभाग अब नसबंदी अभियान में तेजी लाने की बात कह रहा है, लेकिन शहरवासी जल्द ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# ग्रेट निकोबार भूमि मामले पर कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान , पर्यावरण संरक्षण की उठाई मांग

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को ईदगाह गेट, वाकरगंज में महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में ग्रेट निकोबार द्वीप



भूमि मामले को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित परियोजना से पर्यावरण और जैव विविधता को नुकसान पहुंच सकता है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों और वन क्षेत्रों की सुरक्षा जरूरी है। उन्होंने मांग की कि किसी भी विकास परियोजना से पहले पारदर्शी पर्यावरणीय आकलन और स्थानीय लोगों की सहमति सुनिश्चित की जाए। डॉ. सरताज हुसैन ने बताया कि अभियान के माध्यम से जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है और एकत्रित हस्ताक्षर केंद्र सरकार व संबंधित अधिकारियों को भेजे जाएंगे। कार्यक्रम में पंडित राज शर्मा, रमेश चंद श्रीवास्तव, सुरेश दिवाकर, जीशान अफरीदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।


# सरकारी योजनाओं का महासंगम: 14 से 16 जून तक बरेली के ब्लॉकों में लगेंगे जन-कल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद के सभी विकास खण्डों में 14 से 16 जून तक त्रि-दिवसीय जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने अधिकारियों को मेले की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। शिविर सुबह 10 बजे से आयोजित होंगे, जिनकी जिम्मेदारी खण्ड विकास अधिकारियों को सौंपी गई है। मेले में आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, अटल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना, कन्या सुमंगला, ओडीओपी, सामूहिक विवाह योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य जांच और जन-आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थलों पर पंडाल, बैठने की व्यवस्था और शीतल पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं




# फर्रुखाबाद के 19 केंद्रों पर आरक्षी भर्ती परीक्षा: लॉकेट, कंगन और कानों की बालियां उतरवाई गईं, मेटल डिटेक्टर से चेकिंग

क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को 19 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। सुबह 7 बजे से ही केंद्रों के बाहर उम्मीदवारों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। प्रवेश प्रक्रिया सुबह 8 बजे शुरू हुई, जिसमें महिला अभ्यर्थियों की गहन तलाशी ली गई। उन्हें लॉकेट, कंगन, चूड़ी, पायल, हेयर बैंड और कानों की बालियां उतारने के बाद ही प्रवेश दिया गया। सभी अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से तीन चरणों में जांच की गई और फिर बायोमेट्रिक सत्यापन कराया गयाअलग-अलग केंद्रों पर कड़ी निगरानी- क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में आधार कार्ड और प्रवेश पत्र का मिलान किया गया। बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में महिला और पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अलग कतारें लगाई गईं। नारायण आर्य कन्या इंटर कॉलेज में महिला पुलिसकर्मियों ने चूड़ी, कंगन, पायल और बालियां उतरवाकर



जांच की।अभ्यर्थियों की प्रतिक्रिया- कन्नौज की गौरी पांडेय ने बताया कि उन्हें लॉकेट, हेयर बैंड, कड़ा और कानों की बाली उतरवानी पड़ी। वहीं मैनपुरी के सनी कुमार ने परीक्षा की तैयारी ठीक बताई। हरदोई के दिनेश कुमार ने कहा कि प्रश्नपत्र आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। कई अन्य अभ्यर्थियों ने भी व्यवस्थाओं पर मिश्रित प्रतिक्रिया दी।सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी दिक्कत- परीक्षा में प्रत्येक पाली में 6,720 अभ्यर्थी शामिल हुए। सुरक्षा के लिए सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। पुलिस लाइन से कंट्रोल रूम के जरिए निगरानी की गई। नारायण कन्या पाठशाला में एक बायोमेट्रिक मशीन खराब होने से कुछ देर अव्यवस्था की स्थिति बनी रही, जिसे अन्य मशीनों से संभाला गया।

# 69000 शिक्षक भर्ती समेत 22 परीक्षाओं में बड़ा आरक्षण घोटाला, सपा ने भाजपा सरकार को घेरा



क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप /फर्रूखाबाद।उत्तर प्रदेश में नौकरियों और आरक्षण व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सियासत गरमा गई है। जनपद फर्रूखाबाद में समाजवादी पार्टी (सपा) ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर युवाओं के भविष्य और आरक्षण के साथ बड़े पैमाने पर खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के दौरान सपा नेताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर हमला बोला।

PD समाज के अधिकारों का हुआ हनन- चंद्रपाल सिंह- सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वर्ष 2019 की चर्चित 69000 शिक्षक भर्ती का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में आरक्षण के नियमों की सरेआम अनदेखी की गई, जिसके कारण हजारों पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (PDA) वर्ग के योग्य अभ्यर्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ा है।जिलाध्यक्ष ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि केवल एक नहीं, बल्कि कुल 22 भर्ती परीक्षाओं में लगभग 11,514 पदों पर आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, हमारा देश बाबा साहब के संविधान से चलता है और आरक्षण एक संवैधानिक अधिकार है, जिसे भाजपा सरकार पूरी तरह ताक पर रख रही है। उन्होंने संकल्प जताया कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार सड़क से सदन तक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार- डॉ. नवल किशोर शाक्य- प्रेस वार्ता में मौजूद पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने भी भाजपा सरकार की भर्ती व्यवस्था पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश के लाखों युवा दिन-रात मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन इस सरकार में लगातार पेपर लीक और आरक्षण घोटालों से उनका भरोसा टूट चुका है। डॉ. शाक्य ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सिद्धांतों को याद दिलाते हुए कहा कि संविधान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक असमानता को खत्म कर गरीब, पिछड़े और दलित बच्चों को देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंचाना था, लेकिन वर्तमान सरकार इस उद्देश्य को खत्म करने में लगी है। उन्होंने सरकार से मांग की कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद कर एक पारदर्शी, साफ-सुथरी और न्यायपूर्ण भर्ती व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रेस वार्ता में ये वरिष्ठ नेता रहे मौजूद- इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक और पदाधिकारी एकजुट नजर आए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से- पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव पूर्व विधायक अजीत कठेरिया पूर्व मंत्री व जिलाध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव पूर्व प्रत्याशी कायमगंज/प्रदेश सचिव सर्वेश आंबेडकर जिला महासचिव इलियास मंसूरी वरिष्ठ नेता डॉ. जेपी वर्मा जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता जिला सचिव बिजेंद्र सिंह यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलश विसर्जन के दौरान गंगा नदी में डूबा युवक, तलाश जारी

क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप /शमशाबाद, फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। शमशाबाद क्षेत्र स्थित ढाई घाट पर सोमवार को कलश विसर्जन कार्यक्रम के दौरान एक 30 वर्षीय युवक गंगा नदी के गहरे पानी में समा गया और लापता हो गया। घटना के बाद से ही इलाके में हड़कंप मच गया है और स्थानीय प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

भागवत कथा के समापन पर गए थे घाट- प्राप्त जानकारी के अनुसार, कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जीराऊ में सात दिवसीय भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया था।



सोमवार को कथा के सफलतापूर्वक समापन के बाद गाँव में श्रद्धापूर्वक कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण ढाई घाट पहुँचे हुए थे। बच्चों को नहलाते समय हुआ हादसा- प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के मुताबिक, कलश विसर्जन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद गाँव के ही निवासी संतोष (उम्र 30 वर्ष ) अपने बच्चों को गंगा नदी में नहलाने के लिए पानी में उतरे थे। बच्चों को नहलाते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी की ओर चले गए। उन्हें डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बचाने का पुरजोर प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते वह नदी की तेज धारा में लापता हो गए।

मौके पर पहुँची पुलिस, गोताखोरों की मदद से खोजबीन जारी- हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और गोताखोरों की टीम तुरंत मौके पर पहुँच गई। दोपहर से ही स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में सघन सर्च ऑपरेशन (तलाश अभियान) चलाया जा रहा है। हालांकि, घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद भी खबर लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है।

इस अनहोनी की खबर मिलते ही घाट पर परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई है। पीड़ित परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गाँव में चिंता व मायूसी का माहौल बना हुआ है।पुलिस प्रशासन का बयान- मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष सचिन सिंह ने बताया कि गोताखोरों की मदद से लापता युवक संतोष की लगातार तलाश की जा रही है। पुलिस टीम और स्थानीय प्रशासन मौके पर मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन अभी जारी है और फिलहाल स्थिति के बारे में कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

# जेठ के षष्ठम बड़े मंगल पर श्री हरि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, भजनों से गूंजा बजरंग बली का दरबार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में जेठ माह के षष्ठम बड़े मंगलवार पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्य



पंडित श्री तिवारी जी एवं सुनील शास्त्री जी द्वारा श्री हनुमान जी का विधिवत पूजन व श्रृंगार किया गया। भक्तों ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए बजरंग बली महाराज के दरबार में पूजा-अर्चना की। मंदिर के मुख्य द्वार पर श्रद्धालुओं के लिए मीठे शरबत की छबील लगाई गई। शाम को महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं श्री हरि संकीर्तन पुरुष मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। रवि छाबड़ा, संजय आनंद, जतिन दुआ, पंकज, सचिन सेठी एवं सौरभ सहित अन्य भक्तों ने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ, आरती और शयन आरती के बाद श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसादी वितरित की गई। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि श्री हनुमान चालीसा और सामूहिक आरती का आयोजन कई वर्षों से निरंतर चल रहा है, जिसमें युवाओं सहित सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि 11 जून से 17 जून तक श्री हरि मंदिर प्रांगण में शाम 6-30 बजे से 9-30 बजे तक श्री गौ भागवत कथा का आयोजन होगा, जिसमें सभी भक्त सपरिवार आमंत्रित हैं।

# कालपी में भीषण गर्मी से राहत: विधायक विनोद चतुर्वेदी ने फ्रीजर पेयजल केंद्र का किया लोकार्पण


क्यूँ न लिखूँ सच / नीरज कुमार/ कालपी (जालौन), 9 जून। भीषण गर्मी के प्रकोप से जूझ रहे आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कालपी के विनोद चतुर्वेदी ने तरनमगंज बाजार में विधायक निधि से स्थापित फ्रीजर पेयजल केंद्र का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया। इस जनहितकारी पहल से बाजार क्षेत्र में आने वाले ग्राहकों, राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय



नागरिकों को अब शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान बाजार क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में व्यापारी, दुकानदार और स्थानीय नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। व्यापारियों ने विधायक विनोद चतुर्वेदी का माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बाजार क्षेत्र विधायक के समर्थन में नारों से गूंज उठा, जिससे कार्यक्रम स्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। अपने संबोधन में विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है, ऐसे में यह फ्रीजर पेयजल केंद्र राहगीरों और बाजार में आने वाले लोगों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष नमन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, भाजपा नेता जीत तिवारी, समीर धवन सहित अनेक व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# How to Boost Plant Growth Without Fertilizers? This Way Will Make Your Garden Lush

Are your plants not growing rapidly despite getting enough water and sunlight? Root-bound may be the cause. When the roots spread too much and become entangled in the pot, the plant's growth is stunted. In such a situation, plant growth can be accelerated by adopting proper gardening techniques without the use of chemical fertilizers. On World Environment Day, millions of people plant trees and pledge to make their homes green. However, it often happens that after a few months of planting, their growth stops. Leaves become smaller, new flowers fail to appear, and the plant appears weak. In such a situation, most people start using expensive fertilizers or chemical fertilizers, while sometimes the problem is not a lack of fertilizer but rather the roots. According to experts, root-bound is a very common problem in potted plants. When the roots of a plant occupy all the space inside the pot and begin to spiral, they cannot get adequate nutrition, water, and oxygen. This directly impacts the plant's growth. However, root-boundness can be easily remedied without expensive fertilizers. By adopting a few simple gardening tricks, you can accelerate your plants' growth again. Let's learn what root-boundness is, how to identify it, and what the easiest way to grow plants faster without fertilizer is. What is root-boundness? Root-boundness occurs when a plant's roots fill all the available space within the pot. Gradually, the roots become entangled and form a dense network. This prevents the plant from developing new roots, preventing its growth. If roots are protruding from the drainage holes at the bottom of the pot or roots are visible on the soil surface, this could be a sign of root-boundness. How to recognize that a plant is root-bound? Some common signs appear in root-bound plants. For example, the plant's growth suddenly stops; leaves turn yellow; the soil dries out quickly despite frequent watering; flowers and fruits are scarce; roots protrude from the pot. If several of these symptoms are observed, it's important to examine the plant's roots. The easiest way to increase plant growth without fertilizer: If a plant has become root-bound, relocating it to a larger pot is considered the most effective solution. To do this, carefully remove the plant and gently loosen the outer part of the roots. If the roots are too tangled, they can be trimmed slightly. Then, replant the plant in a larger pot with fresh, loose soil. Finding new space allows the roots to spread rapidly, and the plant's growth resumes. Follow these gardening tips for a healthy root system: Healthy roots are essential for plant growth. For this, repot plants frequently. Use well-draining soil. Avoid excessive watering. Choose a pot size appropriate for the plant. Loosen the soil periodically. These measures provide adequate oxygen to the roots and help plants grow faster. Natural Gardening Tips - World Environment Day shouldn't be limited to just planting trees. If planted properly, they can benefit the environment for years. Adopting natural gardening techniques instead of relying on chemical fertilizers is beneficial for both the environment and the plants. If minor problems like root bound are identified and corrected in time, plants can grow healthy and rapidly even without additional fertilizer.




# Potatoes aren't harmful, the way they're eaten is the cause of the problem; researchers have uncovered the biggest secret yet.

A team of experts revealed that eating too many potatoes is not only detrimental to health, but deep-fried potatoes can also increase your risk of complications. Let's find out how. Who doesn't love hot pakodas, French fries, samosas, or puris and kachoris? But did you know that this very taste can slowly pose a silent threat to the body? Deep-fried foods have already been shown to be harmful to health in many ways. They are high in calories, which can lead to weight gain and high cholesterol. Deep-fried foods also contain large amounts of trans fat, which can increase heart health problems. But did you know that people who frequently eat deep-fried foods may also have a significantly higher risk of developing type 2 diabetes? If you also eat such things in excess, then be careful from today itself, this habit can make the body home to many diseases. What is the link between deep-fried foods and diabetes? Let's find out about it. Potatoes are harmful, but eating them deep-fried is even more dangerous - In a study published in the BMJ journal, a team of health experts stated that eating too many potatoes is not only harmful to health, but eating them deep-fried can increase your problems even more. The real problem is not the potatoes, but the method of cooking them, especially deep-frying. For this research, over 2.05 lakh people were tracked for approximately 37 years (1984 to 2021). These people were initially in good health and did not have pre-existing diabetes, heart disease, or cancer. Every four years, detailed information was collected from them on their eating habits. In a long-term follow-up, a total of 22,299 people were diagnosed with type 2 diabetes. Deep-fried foods are harmful to health - When researchers tried to understand the health effects of eating potatoes, they found that eating potatoes three times a week slightly increased the risk of diabetes by about 5%. However, when the potatoes were considered separately based on the method of cooking, the picture changed completely. Eating deep-fried potatoes or French fries three times a week increased the risk of type 2 diabetes by about 20%. However, even if boiled, baked, or mashed potatoes were eaten three times a week, there was no significant increase in the risk of diabetes. This difference clearly shows that potatoes become especially harmful when consumed deep-fried. Frying in oil increases calories and changes their chemical structure, which can increase the risk of insulin resistance. What are the effects of other carbohydrates? The research also examined the effect of substituting potatoes for other carbohydrates. Replacing potatoes with whole grains three times a week can reduce the risk of type 2 diabetes by approximately 8%. However, replacing boiled or baked potatoes with white rice can have the opposite effect and increase the risk of diabetes. This makes it clear that avoiding fried foods isn't the only important thing, but what you eat instead is equally important. So, should you stop eating potatoes altogether? Nutritionists say that you don't have to stop eating potatoes altogether. You just need to keep a few things in mind: reduce your intake of French fries, potato chips, and deep-fried foods. When preparing potatoes at home, boiling or baking them with the skin on is a better option, as this preserves fiber. Use very little oil or use an air fryer. Include whole grains like oats, quinoa, brown rice, and millets in your diet to slow the release of sugar into the body.



# Headache Risk: Frequent headache pressure and pain? Could it be a sign of TTH?

Office pressure, lack of sleep, and spending hours staring at mobile and laptop screens are leading to a growing number of problems. Do you also experience frequent headaches? Did you know that frequent headaches aren't normal? Do you often suffer from headaches that feel as if someone is tightly gripping your head? If so, you're not alone. A large number of people around the world experience this problem daily. A persistent heaviness in the head is a common problem among people of all ages. Health experts say that office pressure, combined with lack of sleep, increased screen time, relationship tension, and constant mental fatigue, have significantly increased this risk. If you've been ignoring it, thinking it's normal, be careful. Sometimes, this type of headache could be a sign of TTH, or tension-type headache. If you're also troubled by this problem, let's learn what TTH is and how to reduce its risk. Learn about tension-type headaches. Tension-type headaches are one of the most common problems nowadays. It causes a uniform feeling of pressure and tightness throughout the head. It often causes mild to moderate headaches. Experts believe that this problem is caused by muscle tension in the face, neck, and scalp. It's generally believed that emotions, tension, or stress increase muscle tension, which causes headaches. Many people take painkillers, assuming it's just fatigue or lack of sleep. However, when this problem recurs, it's a sign that both the body and mind are constantly under stress. This isn't just a headache, but an alarm for your mental and physical balance, which, if ignored, can lead to serious problems later on. How do you know if you're a victim? Tension-type headaches can cause a variety of problems. A mild, persistent headache. A feeling of pressure in the forehead or on the sides and back of the head. Pain or sensitivity to touch in the muscles of the head, neck, and shoulders. These headaches can sometimes last from 30 minutes to a week and can occur sporadically or repeatedly. People often mistake this type of headache for a migraine, but it's important to know that TTH and migraine are two different conditions. Migraine and tension headache are not the same thing. Migraine and tension headache often feel like a sharp stinging sensation on one side, while tension headaches feel like the entire head is held together by a uniform pressure. This pain can be mild to moderate, but its biggest problem is that it recurs repeatedly and can last for a long time. Migraine headaches often include nausea and vomiting, while tension headaches do not. Tension headaches are primarily caused by physical and mental stress. The risk of developing them has been shown to be higher in people with prolonged mental stress, anxiety, and depression. What to do if you have a tension headache? Lifestyle changes are essential to reduce the risk of tension headaches and prevent them. Getting at least 7-8 hours of sleep daily helps relax the mind. Yoga, meditation, and deep breathing exercises are very effective in reducing stress. These relieve pain by reducing muscle tension. Reducing screen time and resting the eyes is also important. Drinking plenty of water and eating a balanced diet improves blood circulation, which can reduce headaches. If the pain persists, you should definitely consult a doctor.



